प्रीलिम्स फैक्ट्स: 19 मार्च, 2019

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-19-03-2019

क्षुद्र ग्रह 'रायुगु'

जापान की अंतरिक्ष एजेंसी- JAXA 5 अप्रैल, 2019 को अंतरिक्ष यान **हायाबुसा-2** से क्षुद्र ग्रह रायुगु (**Asteroid Ryugu**) पर बेसबॉल के आकार का 2 किलोग्राम विस्फोटक गिराएगी।

- इससे क्षुद्र ग्रह पर एक गड्ढा (Crater) बन जाएगा और इस गहरे भूमिगत क्षेत्र, जहाँ सूर्य की किरणें नहीं पहुँच पाती हैं, से नमूना एकत्र किया जाएगा।
- इस मिशन के अंतर्गत अंतरिक्ष यान को विस्फोटक गिराने के तुरंत बाद ही क्षुद्र ग्रह की दूसरी तरफ जाना होगा ताकि विस्फोट से यान को कोई नुकसान न हो।
- ग्रह के दूसरी तरफ जाने के दौरान हायाबुसा-2 विस्फोट की प्रक्रिया और परिणाम को रिकॉर्ड करने के लिये एक कैमरा वहीं छोड़ देगा।
- इस रिकॉर्ड की सहायता से वैज्ञानिक क्षुद्र ग्रह की उत्पत्ति के बारे में विश्लेषण करेंगे।

UNNATEE

हाल ही में ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (Bureau of Energy Efficiency-BEE) ने अनलॉकिंग नेशनल एनर्जी एफिशिएंसी पोटेंशियल (UNlocking NATional Energy Efficiency potential- UNNATEE) नामक रणनीतिक दस्तावेज़ ज़ारी किया।

- भारत में ऊर्जा दक्षता में तेज़ी लाने के लिये यह राष्ट्रीय रणनीतिक दस्तावेज़ विकसित किया गया है।
- यह दस्तावेज़ ऊर्जा आपूर्ति-मांग परिदृश्यों और ऊर्जा दक्षता अवसरों के बीच एक स्पष्ट संबंध स्थापित करने के तरीकों का वर्णन करता है।
- भारत के पर्यावरण पर पड़ने वाले जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने के लिये UNNATEE ऊर्जा दक्षता उपायों के माध्यम से एक व्यापक रोडमैप प्रदान करता है।
- गौरतलब है कि BEE भारत सरकार के **विद्युत मंत्रालय** के तहत एक **सांविधिक निकाय** है।
- BEE ऊर्जा संरक्षण अधिनियम के तहत इसे सौंपे गए कार्यों को पूरा करने, मौजूदा संसाधनों और बुनियादी ढाँचे की पहचान और उपयोग के लिये उपभोक्ताओं, एजेंसियों और अन्य संगठनों के साथ समन्वय करता है।

BEE स्टार रेटिंग प्रोग्राम

हाल ही में ऊर्जा मंत्रालय ने घोषणा की है कि दो और बिजली उपकरणों- माइक्रोवेव ओवन और वॉशिंग मशीन को अब उनकी ऊर्जा दक्षता मैट्रिक्स के आधार पर स्टार रेटिंग दी जाएगी।

- स्टार रेटिंग का उद्देश्य उपभोक्ताओं को यह सूचित करना है कि उत्पाद कितना उर्जा दक्ष है।
- इसके तहत 5 स्टार तक रेटिंग दी जाती है। जिन उपकरणों को 4 या 5 स्टार मिला होता है वे 2 या 3 स्टार प्राप्त उपकरण की तुलना में ज़्यादा उर्जा दक्ष होते हैं।
- उपकरणों के निर्माताओं को यह स्टार रेटिंग स्टैंडर्ड्स एंड लेबलिंग प्रोग्राम, 2006 के अनुसार प्रदान करना होता है।